गुजरात में बस पलटी, झाबुआ के 13 मजदूर घायल

झाबुआ। सोमवार सुबह गुजरात राज्य के दाहोद के निकट एक यात्री बस के पलट जाने से उसमें सवार झाबुआ जिले के 13 मजदूर घायल हो गये। जिसकी जानकारी झाबुआ जिला प्रशासन को लगते ही उन्होने गुजरात प्रशासन से समन्वय बनाकर घायलों का उपचार दाहोद में कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुंडल गुजरात से झाबुआ आते समय सोमवार सुबह 5.30 बजे के करीब दाहोद से 8 किमी पहले यात्री बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई जिसके चलते उसमें सवार 13 लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बस के शीशे फोडकर अंदर दबे यात्रियों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस बुलवाकर घायलों को दाहोद के झायडस अस्पताल में उपचार के लिए भेजा।

प्रशासन ने समन्वय स्थापित किया

दाहोद में हुई सड़क दुर्घटना के संबंध में झाबुआ जिला प्रशासन की दाहोद जिला प्रशासन से समन्वय हुआ। दाहोद जिला प्रशासन के अनुसार झाबुआ के 13 यात्री है, जो कुशल स्थिति में हैं। झाबुआ से समन्वय हेतु तहसीलदार दाहोद के झायडस अस्पताल में उपस्थित रहे। डॉक्टर से चर्चा कर जिले के यात्रियों को वापस लाए जाने की व्यवस्था की गई।

एक नजर में

ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

इंदौर . खजराना पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब 8 .8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे हवालात भेज दिया है. घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही थाना क्षेत्र के रंगून गार्डन के पास गश्त के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया. उसे रोककर तलाशी लेने पर उसके पास ब्राउन शुगर मिली. पकड़े गए आरोपी की पहचान गोलू उर्फ अकबर निवासी खजराना के रूप में हुई है. पुलिस ने मौके से 8 .8 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की, जिसकी कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है. आरोपी को थाने लाकर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी यह नशे का माल कहां से लाया और किन लोगों को सप्लाई करता था. मामले में और लोगों के भी जुड़े होने की आशंका है.

अपराधी पर जिला बदर की कार्रवाई

इंदौर . लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त एक शातिर बदमाश को शहर से बाहर का रास्ता दिखा दिया .पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे आगामी 6 माह के लिए इंदौर जिले और सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से प्रतिबंधित किया है. थाना छत्रीपुरा

क्षेत्र में रहने वाला आरोपी, लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था. उसके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं. क्षेत्र में लगातार बढ़ती शिकायतों और गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की है. पुलिस टीम ने आदेश का सार्वजनिक एलान लाउडस्पीकर के जरिए क्षेत्र में किया और आरोपी को व्यक्तिगत रूप से नोटिस देकर आदेश का पालन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी. उसके परिजनों को भी आदेश की जानकारी दी. पुलिस का सख्त संदेश है कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और ऐसे तत्वों को शहर से दूर रखा जाएगा.

महिला की लापरवाही से कार में लगी आग

इंदौर . कनाड़िया थाना क्षेत्र के संचार नगर में कुछ दिन पहले खड़ी कार में अचानक आग लगने की घटना अब रहस्य नहीं रही. पुलिस ने जांच के बाद खुलासा किया है कि यह हादसा जानबूझकर नहीं, बल्कि लापरवाही के चलते हुआ. एक महिला द्वारा खुले

में कचरा जलाने से निकली लपटों ने पास खड़ी कार को चपेट में ले लिया, जिससे वह पूरी तरह जलकर राख हो गई.

पुलिस के मुताबिक, प्रशांत सागर अपार्टमेंट के डी-ब्लॉक में रहने वाली रजनी पाहवा ने अपने फ्लैट के पास खुले में कचरा इकट्ठा कर उसमें आग लगा दी थी. लपटें तेज थीं और हवा के रुख ने उन्हें नजदीक खड़ी कार तक पहुंचा दिया. देखते ही देखते आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया. कार के मालिक गौरव जैन मूल रूप से कालूखेड़ा के रहने वाले हैं. वे अपनी पत्नी और नवजात बच्चों के इलाज के लिए इंदौर आए थे और भाई विशाल जैन के फ्लैट के बाहर कार एमपी 43 सीए 7794 खड़ी की थी. घटना 1 जून की सुबह की है. आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक दमकल मौके पर पहुंची, कार पूरी तरह खाक हो चुकी थी. घटना के बाद पुलिस ने इसे तकनीकी खराबी या सामान्य हादसे के रूप में देखा, लेकिन बाद में सामने आई एक चश्मदीद महिला के बयान ने सच्चाई उजागर कर दी. उसने देखा था कि किस तरह आग कचरे से फैलकर कार तक पहुंची थी. इसके आधार पर पुलिस ने रजनी पाहवा के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक आगजनी की धारा में केस दर्ज कर लिया है.

लवकुश कॉलोनी से नाबालिग लापता

इंदौर . शहर में नाबालिग बच्चों के लापता होने की घटनाएं थम नहीं रही हैं. ताजा मामला शिप्रा थाना क्षेत्र का है, जहां लवकुश कॉलोनी मांगलिया से एक नाबालिग लड़की रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई. परिजनों ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर अपहरण का शक जताया है. शिप्रा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर बताया कि उनकी नाबालिग बेटी अचानक घर से गायब हो गई है. काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण की आशंका जताते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और कॉलोनी व आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. परिजन और पुलिस दोनों ही बच्ची की सुरक्षित वापसी के प्रयास में जुटे हैं.

प्लास्टिक दाना फैक्ट्री और मकान में लगी आग

इंदौर . शहर में आगजनी की दो घटनाओं से देर रात अफरा-तफरी मच गई. पहली घटना खुड़ैल क्षेत्र की है, जहां प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई. वहीं दूसरी घटना नूरानी नगर स्थित एक मकान में हुई, जहां अचानक आग भड़क उठी. दोनों ही मामलों में समय पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया. फायर ब्रिग्रेड से मिली जानकारी के अनुसार, खुड़ैल स्थित मयंक कुमार की प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में देर रात ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई. देखते ही देखते आग ने फैक्ट्री के एक बड़े हिस्से को चपेट में ले लिया. मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. दूसरी ओर, नूरानी नगर में रहने वाले असलम के मकान में भी देर रात आग लग गई. आगजनी की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है. हालांकि समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे जनहानि नहीं हुई.

योग शिविर में किए प्राणायाम

महू . कैंटोनमेंट परिसर में रविवार को योग शिविर के दूसरे दिन योगार्थियों की संख्या बढ़ती गई. सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष, बुजुर्गों एवं बच्चों ने योग किया. सभी के लिए योग इस थीम पर योग किया गया. जिस में मुख्य रूप से कटी चक्रासन, हनुमान आसान, ताडासन, त्रिकोणासन भुजंगासन, मंडूकासन, पद्मासन सेतुबंधासन, मकरासन, चक्रासन इत्यादि के साथ ही विभिन्न प्राणायाम ध्यान एवं विशिष्ट प्रकार की योग निंद्रा की गई. मुख्य अतिथि बैंक मैनेजर कमलकांत भालवाडेकर, अध्यक्षता कैंटोनमेंट अधीक्षक सतीश अग्रवाल व विशेष अतिथि राष्ट्रीय कवि द्रोणाचार्य दुबे रहे. दुबे ने योग की महत्ता प्रतिपादित करते हुए एक सुंदर यौगिक कविता का पाठ किया. कमलकांत ने कहा कि योग प्रकृति प्रदत्त कुदरत का अनमोल उपहार है. संचालन यश चौरसिया ने किया. आभार दिनेश रावत ने माना.

ब्राह्मण समाज धर्मशाला में पितृ दिवस पर पौधारोपण

महू . पितृ दिवस के पावन अवसर पर समाज की धर्मशाला चना गोदाम में एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में समाज के 56

परिवारों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया। इस अवसर पर विशेष रूप से जामुन, तुलसी, एवं सबसे अधिक संख्या में पेंसिल जाति के पौधे लगाए गए. कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख समाजजन गोविंद शर्मा, गौरीशंकर शर्मा, पवन शर्मा, परीक्षित शर्मा, नरेंद्र शर्मा (मेण वाले), सुरेन्द्र शर्मा, पवन मोदी (बिल्डिंग), पीयूष मिश्रा, जगदीश शर्मा (प्रिंस नर्सरी), प्रभात शर्मा, रमेश जी (बडगोंडा वाले), ओमप्रकाश शर्मा, पप्पू कांगा, महेशचंद्र शर्मा (पकोडिया), संतोष शर्मा, कैलाश शर्मा हलवाई, सुरेश शर्मा नीता जोशी (पंचवटी), कल्पना शर्मा (कुल्फी वाले), मीना शर्मा, अनामिका तिवारी, अखिल हेमंत शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा.

फादर्स डे पर खेल गतिविधियों का किया आयोजन

झाबुआ। सोमवार को स्थानीय अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय के प्री प्राइमरी सेक्शन में फादर्स डे मनाया गया। सभी छात्रों और अभिभावकों का स्वागत शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा करके किया गया। छात्रों को चॉकलेट भी वितरित की गई। फादर्स डे कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रितेश लिमये द्वारा भगवान राम के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। बच्चों द्वारा अपने पिता को हस्तनिर्मित टाई पहनाई गई। यह दिन पिताओं को समर्पित होता है जो अपने परिवार के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं और थकते नहीं है। साथ ही प्री नर्सरी और नर्सरी के छात्रों के अभिभावकों के लिए विभिन्न खेल और गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें बॉल ट्रांसफर गेम (एक मिनट का खेल), ब्लाइंडफोल्ड गेम, एक्शन गेम, हूला-हुप रेस, अपने बंधन को जानें, सुपरहीरो गेम-पेपर कप स्टैक आदि खेल और गतिविधियां थी। विजेताओं को पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम में प्री प्राइमरी सेक्शन के सभी शिक्षको ने सहयोग किया। संचालन अर्चिता राठौर ने किया।

जनहितैषी की समस्याओं पर प्रकाश डाला

झाबुआ। रविवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मालवा प्रांत अंतर्गत झाबुआ के प्रभारी धरणीधर मिश्र एवं प्रांतीय सचिव बहादुरसिंह राजपूत के मार्गदर्शन में कार्यकारिणी की मासीक बैठक का आयोजन अभा ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष अखिल त्रिवेदी के निवास पर किया गया। जिसमें ग्राहक पंचायत के सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक के प्रारंभ में उपस्थित सदस्यों ने प्रांत पदाधिकारियों को क्रमानुसार अपना व्यक्तिगत परिचय दिया। तत्पश्चात जिला सचिव अश्विन शर्मा ने जनहितैषी समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सदस्यों की और प्रांतीय पदाधिकारियों के समक्ष विषय रखे और सामूहिक रूप से उन समस्याओं का सकारात्मक हल निकले ,इस पर उनका ध्यान आकर्षित किया। मिश्र और राजपूत द्वारा समस्याओं के

निराकरण हेतु उचित व सही मार्गदर्शन प्रदान किया गया, की जिन समस्याओं का हल स्थानीय स्तर पर संभव नहीं हो पा रहा है उनका निराकरण उच्च स्तर, प्रांत पदाधिकारियों के संज्ञान में लाकर भी जरूरत पड़ी तो वहां से भी सहयोग लेकर किया जायेगा। साथ ही पूरे वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और विशेष रूप से बैठक में नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। बैठक में कन्ज्यूमर क्लब के गठन, छात्रावास में जाकर छात्रों से संपर्क, पंच परिवर्तन के प्रमुख बिंदुओं पर विचार और साप्ताहिक बैठक के संबंध में विशेष चर्चा हुई। बैठक सम्पन्न होने के पूर्व ग्राहक पंचायत की सक्रिय सदस्या एवं पार्षद रेखा अश्विन शर्मा द्वारा ग्राहक मार्गदर्शन केन्द्र का शुभारंभ किया। साथ ही मिश्र और राजपूत सहित पं. गणेश उपाध्याय, प्रदीप पंड्या, शरद शुक्ला, मनीष कानूनगो, राजेश पंड्या, गौतम त्रिवेदी, राजेश भावसार, श्यामसुंदर शर्मा, बाबूलाल पंचाल, दीनदयाल माहेश्वरी, शंकरलाल राठौर, मोहनलाल राठौर आदि उपस्थित थे। अंत में आभार अश्विन शर्मा ने माना।

कलेक्टर ने बावड़ी बड़ी में किया सीड बॉल्स का छिड़काव

झाबुआ। कलेक्टर नेहा मीना ने ग्राम पंचायत मांडली बड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाये गये रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और हेंडपंप रिचार्ज पिट का निरीक्षण किया। सीईओ जनपद पीसी वर्मा ने अवगत कराया की पिछले वर्ष भी रिचार्ज पिट का निर्माण कराया गया था। जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम जरूर आयेंगे। कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत बावड़ी बड़ी में सीड बॉल्स का छिड़काव किया गया। साथ में उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामीणों द्वारा भी सीड बाल्स का छिड़काव किया। इस दौरान जिपं सीईओं जितेन्द्रसिंह चौहान, एसडीएम भास्कर गाचले, सहायक वन संरक्षक सुनिल सुलिया, तहसीलदार सुनिल डावर एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

शहर में 27 को निकलेगी भगवान जगन्नाथजी की भव्य रथयात्रा

झाबुआ। स्थानीय प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में रविवार सायं 7.30 बजे शहर में निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथजी की रथयात्रा को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें पं. जगदीश पंडा ने बताया की प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में भगवान श्री जगन्नाथजी की विशाल रथयात्रा निकाली जावेगी। भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन 22 जून को सायं 7 बजे श्री जगदीश मंदिर में किया जायेगा। यह आयोजन दो दिवसीय रहेगां जिसके तहत 26 जून को सायं 7 बजे भजन संध्या का आयोजन होगा व 27 जून को सायं 4 बजे से भगवान श्री जगन्नाथजी की भव्य रथयात्रा श्री जगदिश मंदिर परिसर से निकाली जावेगी। प्रभु की रथयात्रा बैंडबाजो के साथ शहर के कालेज मार्ग, भोज मार्ग, आजाद चौक, थांदला गेट से लक्ष्मीबाई मार्ग, राजवाड़ा होते हुए पुन: जगदीश मंदिर पहुचेगी। जहां यात्रा का समापन होगा। समिति के पं. अश्विन शर्मा ने बताया की इस आयोजन हेतु श्री जगदीश मंदिर परिसर को आकर्षक सजाया जावेगा। रथयात्रा शहर भ्रमण कर सायं 7.30 बजे पुन: श्री जगदिश मंदिर आने पर भगवान की महाआरती कर महाप्रसादी (केसरिया भात) का भोग लगाकर भक्तों को प्रसादी का वितरित किया जायेगा। आयोजन को लेकर शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग भी लगाये गये है। रथयात्रा को लेकर सनातन धर्मावंलिबियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

मृतात्माओं की शांति के लिए किया यज्ञ का आयोजन

झाबुआ। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ बसंत कालोनी पर रविवार को पिछले दिनों गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मृतात्माओं की शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मृतात्माओं का स्मरण कर विशेष मंत्र के साथ उनकी आत्म शांति के लिए प्रार्थना की गई। साथ ही उनको सद्गति प्रदान करने हेतु नमन किया गया। यज्ञ में गायत्री परिजन सरदार चौहान, अरुण अरोड़ा, दिनेश डांगी, निलेश पुरोहित,

श्याम त्रिवेदी, विनोद जायसवाल, गुणमाला डांगी, स्नेहलता पुरोहित, प्रदीप पंड्या, प्रदीप जोशी आदि शामिल हुए। यज्ञ का संचालन मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी शंभुसिंह पुरोहित ने किया।

एक नजर — जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा 610 ई केवायसी लंबित होना बताया गया

कलेक्टर ने धरती आबा जनभागीदारी कैंप का किया निरीक्षण

झाबुआ। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 15 से 30 जून तक धरती आबा जन भागीदारी अभियान चलाया जाएगा। जिसका उद्देश्य अंतिम हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाकर व्यक्तिगत अधिकारों को परिपूर्ण करना है और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। कलेक्टर नेहा मीना ने धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत मांडली बड़ी में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जनभागीदारी शिविर में समग्र ई-केवायसी की जानकारी चाही। ग्राम में लंबित 2700 में से अब तक 300 ही ई-केवायसी होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और ग्राम पंचायत में टीम को विभाजीत कर कार्य करने के निर्देश दिये। शिविर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों

ई-केवायसी के संबंध में कलेक्टर ने जानकारी चाही। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा 610 ई-केवायसी लंबित होना बताया गया। कलेक्टर ने लंबित होने का कारण पूछने पर संतोषजनक जवाब ना मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जिले में विगत माह से विशेष अभियान चलाये जाने के बाद भी ई-केवायसी इतनी अधिक लंबित है। उन्होंने कहा कि जनजातीय बाहुल्य जिले में यह हमारी जिम्मेदारी है कि ई-केवायसी के लिए घर-घर जाकर मोबलाइजेशन किया जाए। साथ ही लंबित स्थिति होने पर अनावश्यक कारण बताने की बजाये कार्य किया जाए।

लंबित 715 आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए

उन्होंने जिला आपूर्ति आधकारी से कैंप में शाम तक हुए ई-केवायसी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। शिविर में पोर्टेबल आधार मशीन ना होने पर नाराजगी व्यक्त की और एसएलआर से कहा कि पोस्ट ऑफिस से ली गयी 12 पोर्टेबल आधार मशीनों का धरती आबा शिविरों में बराबर वितरण किया जाए। कलेक्टर ने तहसीलदार से बी 1 वाचन करने के निर्देश दिये। शिविर में पीएम किसान के 5, आधार से खसरे की आरओआर लिंकिंग 135, छात्र-छात्राओं के 50 लंबित प्रोफाईल पंजीयन, लंबित 715 आयुष्मान कार्ड को बनाये जाने के निर्देश दिये। साथ ही शिविर में की गयी कार्यवाही की रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। शिविर में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड एवं वैक्सीनेशन कराये जाने की जानकारी सीएचओ से ली। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अवगत कराया कि क्षेत्र की आंगनवाड़ी में 63 बच्चे पंजीकृत है एवं 2 सैम कुपोषित बच्चे है। कलेक्टर ने फिर से चिन्हांकन करने के निर्देश दिये। शिविर में दो बच्ची से कलेक्टर ने चर्चा की जिससे ज्ञात हुआ कि बच्चे दोनों बच्चियां प्रवेश से छुट गयी है। कलेक्टर ने बीईओ से पूछा बच्चे छुट कैसे रहे है ? साथ ही पुन: से चिन्हांकन कराये जाने एवं प्रधानाध्यापक को नोटिस दिये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अन्य समस्याओं बताये जाने पर निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओं, एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।